कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक- 28.11.2024

विषयः- कैंट रेलवे स्टेशन से गुम हुए 11 वर्षीय नाबालिग बच्चे को थाना चौक पुलिस द्वारा सकुशल बरामद किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं सहायक पुलिस आयुक्त दशाश्वमेध व प्रभारी निरीक्षक चौक के नेतृत्व में थाना चौक पुलिस टीम द्वारा थाना चौक पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित दिनांक 27.11.2024 को कैण्ट रेलवे स्टेशन से गुम हुए 11 वर्षीय नाबालिक बच्चे को कैण्ट रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद किया गया।

घटना का विवरणः- कैंट रेलवे स्टेशन से दिनांक 25.11.2024 को गुम हुये 11 वर्षीय नाबालिग बच्चे के सम्बन्ध में नाबालिग बच्चे की माता द्वारा दिनांक 26.11.2024 को एक प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री विकल शाण्डिल्य चौकी प्रभारी ब्रम्हनाल को सुपुर्द की गयी थी। नाबालिग बच्चे की बरामदगी हेतु थाना चौक द्वारा टीम गठित की गयी जो आस-पास के लोकल कैमरे तथा कमिश्नरेट वाराणसी में लगे व कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 04 के सीसीटीवी कैमरा की मदद से 11 वर्षीय नाबालिक बच्चे को थाना चौक पुलिस द्वारा 24 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद किया गया।

बरामद होने का दिनांक व समयः- कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नं0 04 पर दिनांक 27.11.2024 समय करीब 20.45 बजे।

नाबालिग बच्चे को बरामद करने वाली टीम: -

1. प्रभारी निरीक्षक श्री विमल कुमार मिश्रा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्री विकल शाण्डिल्य चौकी प्रभारी ब्रह्मनाल थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 श्री आदित्य कुमार राय चौकी प्रभारी काशीपुरा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।
4. प्रशि0 उ0नि0 श्री शुभम शर्मा थाना चौक कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।